an>

Title: Need to release full quantity of water in accordance with the Yamuna river 1994 water agreement to Bharatpur district of Rajasthan.

**श्री बहादुर सिंह कोली (भरतपुर):** मैं केन्द्र सरकार का ध्यान 12 मई, 1994 के हरियाणा, राजस्थान, उत्तर प्रदेश एवं हिमाचल प्रदेश सरकार के मध्य यमुना जल समझौता के 1281 क्यूसेक पानी में से भरतपुर (राज.) के हिस्से में आने वाला पानी दिलवाये जाने के संदर्भ में दिलाना चाहता हूं ।

उपरोक्त संदर्भ में लेख है कि 12 मई, 1994 को यमुना जल समझौते के तहत भरतपुर (राज.) को 500 क्यूसेक पानी देना तय हुआ था जिसमें 258 क्यूसेक पानी कामां, पहाड़ी तथा 242 क्यूसेक पानी डीग, भरतपुर को मिलना तय था जो गुड़गांव कैनाल चैन 36 से जो राजस्थान में प्रवेश करती है, भरतपुर को अभी तक सिर्फ 40-60 क्यूसेक पानी ही प्राप्त होता है जिसके कारण किसानों को बहुत परेशानी हो रही है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि वह भरतपुर के हिस्से का पूरा पानी दिलाए जाने की कृपा करें।